हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

9 विभिन्न खेलों के लिए 3456 खिलाड़ियों ने करवाया...



9 स्वदेशी अपनाकर देश को मजबूत बनाएं: जांबा



## खबर संक्षेप

### आज तीन घंटे बंद रहेगी 33 केवी पॉवर हाउस की बिजली

**उचाना।** 33 केवी पॉवर हाउस से अर्बन एरिया एवं ग्रामीण एरिया की बिजली सप्लाई 11 अक्टूबर को तीन घंटे बंद रहेगी। एसडीओ जोजो तनेजा एवं जेई दर्शन सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे से लेकर तीन बजे तक लाइन रिपेयर के कार्य के चलते बिजली सप्लाई बंद रहेगी। यहां से चलने वाले उचाना मंडी, जेटीएल, पालवां डीएस, रेलवे डीएस और एपी फीडर बंद रहेंगे।

### दो बाइकों के बीच भिड़ंत में एक युवक की मौत

**कैथल।** गांव कुराड़ के निकट दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिया। इस संबंध में कुराड़ के होशियार सिंह ने बताया कि 8 अक्टूबर को जब उसका लडका तूफान बाइक पर सवार होकर जा रहा था तो पीछे से आ रहे बाइक चालक ने बाइक को तेज गति और लापरवाही से चलाते टक्कर मार दी।

### खाते से 1.46 लाख रुपये गायब, धोखाधड़ी का केस

**जींद।** व्यक्ति के खाते से एक लाख 46 हजार रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजपुरा भैण निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 सितंबर को उसके फोन पर कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बता कार्ड लिमिट बढाने की बात कही थी।

### साइबर ठगों ने व्यक्ति से 80 हजार रुपये ठगे

**कैथल।** साइबर ठगों द्वारा कैथल के एक व्यक्ति से क्रेडिट कार्ड के माध्यम से करीब 80000 की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। रामनगर कैथल के विजय कुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 अक्टूबर को उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा कर उसका क्रेडिट कार्ड का नंबर व ओटीपी पूछ लिया।

### महिला का यौन शोषण करने पर शिकायत दर्ज

**जींद।** महिला की स्नान के दौरान वीडियो बना वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला और युवती लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग मामलों में एक महिला और एक युवती के बिना बताए घर से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। कवारतन के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 को उसकी 35 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। इसी प्रकार से दूसरे मामले में कागथली के एक व्यक्ति ने सीवन पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### विदेश भेजने के नाम पर पांच लाख हड़पे, केस दर्ज

**जींद।** गांव शामलो कलां से युवक को विदेश भेज पांच लाख रुपये हडपने और विदेश में बंधक बनाने पर जुलाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी तथा बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शामलो कलां निवासी रामपति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### ताश की मार्फत जुआ खेल रहे छह दबोचे

**कैथल।** थाना चीका पुलिस टीम द्वारा छोटी मंडी चीका में स्थित चीका निवासी सोहन की दुकान की छत पर ताश से जुआ खेल रहे 6 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 16 हजार 516 रुपए नकदी व 289 पत्ते ताश बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक

# एसडीओ को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश

## लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**सोलर कनेक्शन रद करने और पैसे मांगने की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के सभागार जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने 19 शिकायतों की सुनवाई की गई। इसमें पांच पुरानी व 14 नई शिकायतें शामिल रही। बैठक में मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते कहा कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में जो भी आदेश दिए जाते हैं, उनकी गंभीरता से पालन किया जाए। ताकि आमजन को राहत मिल सके। मंत्री ने कई मामलों में अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। पांच अलग-अलग मामलों में एसडीओ सहित जिम्मेदार कर्मचारियों, फाइनेंस कंपनी सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए। साथ ही एसडीओ को निलंबित करने के भी आदेश दिए।



कैथल। मंत्री अनिल विज जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायत सुनते।



कैथल। मंत्री अनिल विज का स्वागत करती भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी।

#### एफआईआर दर्ज करने के आदेश

गांव हेमूमाजरा निवासी बलविंद्र सिंह ने शिकायत दी कि बिजली विभाग द्वारा उनका सोलर कनेक्शन रद्द करने और पैसे मांगने की शिकायत पर सुनवाई करते हुए मंत्री अनिल विज ने एसडीओ पर एफआईआर दर्ज करने व सस्पेंड करने के आदेश दिए। साथ ही एडीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करते हुए मामले की जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस शिकायत को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया है।

#### जेई के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

गांव रामगढ़ पांडवा निवासी बीरबल की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसके परिवार की पात्रता खत्म किए जाने की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने शिकायतकर्ता को लिखित में उनकी अपात्रता बारे जानकारी देने के निर्देश दिए। वहीं डीडीपीओ ने मंत्री को बताया कि उन्होंने संबंधित जेई के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर दी है।

#### पीड़ित को न्याय दिलवाएं

साथ ही उन्होंने दो मामलों में जिला कष्ट निवारण समिति सदस्यों व अधिकारियों की कमेटियों का गठन कर जांच रिपोर्ट देने व एक मामले में डीसी को जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए। कहा कि अनिल विज के दरबार में बार बार तारीख नहीं मिलती। यहां न्याय मिलता है। यहां काम में लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाता। साथ ही उन्होंने दो मामलों में जिला कष्ट निवारण समिति सदस्यों व अधिकारियों की कमेटियों का गठन कर जांच रिपोर्ट देने व एक मामले में डीसी को जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए। पुरानी शिकायतों में शामिल पहली शिकायत में सीवन गेट निवासी मनजीत सिंह की उसकी बेटी को विदेश भेजने में धोखाधड़ी संबंधी शिकायत पर विज ने एसपी को निर्देश दिए कि वे आरोपियों के खिलाफ चंडीगढ़ की बजाय कैथल में ही एफआईआर दर्ज कर पीड़ित को न्याय दिलवाएं। इस शिकायत को लंबित रखा गया है।

#### आरोपी को विदेश से लाने के आदेश

ऋषि नगर निवासी नीतू मौण ने वर्ष 2020 में अपने भाई की हत्या के मामले में किसी की गिरफ्तारी न होने बारे शिकायत की। मंत्री अनिल विज ने इस मामले में पुलिस को निर्देश दिए कि जो संदिग्ध आरोपी विदेश चला गया है, उसे विदेश से लाकर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए। चाहे इसके लिए उसका पासपोर्ट ही रद्द करवाना पड़े या अन्य कार्रवाई करनी पड़े। मामले की गंभीरता से जांच कर अगली बैठक में इस बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जब मेडिकल रिपोर्ट में गला घोंटना पाया गया है तो किसी ने तो उसकी हत्या की है। पुलिस हत्यारे तक पहुंचे और उसे गिरफ्तार करे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, सुरेश संधू, शक्ति सौदा, संजय सैनी, संगीता, आयुष गर्ग, प्रवीन प्रजापति, कपिल दीक्षित, गोपाल सैनी, सुशील पंचाल आदि उपस्थित रहे।

## 'मेरा नाम अनिल विज है और मैं गलत करने वाले को बख्शता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने विद्यार्थियों को प्राइवेट बस संचालकों द्वारा सरकारी बस पास पर यात्रा की सुविधा न दिए जाने के संबंध में कहा कि इस बारे में परिवहन विभाग के अधिकारियों की एक बैठक जल्द ही चंडीगढ़ मुख्यालय में बुलाई जाएगी और जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। विज आज कैथल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कुछ बस संचालक न्यायालय में भी गए हुए हैं और जब लाभार्थियों को बस पास जारी किए गए है, तब क्या नियम व शर्तें थी, इस संबंध में सभी प्रकार से अध्ययन किया जाएगा और इस बारे में एक बैठक जल्द ही ली जाएगी। अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्या का निदान न किए जाने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि ''मेरा नाम अनिल विज है और मैं गलत करने वाले को बख्शता नहीं हूं''। इसी प्रकार, गब्बर के कार्य व आदेशों के संबंध में की गई टिप्पणी के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ''दो बातें साथ-साथ नहीं हो सकती हैं, एक तो कोई गब्बर नहीं हो सकता है और यदि कोई गब्बर है तो उसकी बात को कोई इंकार नहीं कर सकता है''।

#### फाइनेंस कंपनी के खिलाफ केस दर्ज हो

कसान की कुसुम की शिकायत थी कि उसके बैंक खाते से 5600 रुपये की मनरेगा से आई राशि काट ली। इस मामले की जांच एलडीएम द्वारा की गई। जिसमें बजाज फाइनेंस कंपनी की कमी पाई गई। पिछली बैठक में डीसी प्रीति ने कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे, लेकिन पुलिस विभाग ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इस पर मंत्री अनिल विज ने सख्त लहजे में कहा कि जांच की जाए कि पिछली बैठक में जो आदेश जारी किए गए थे, उनकी पालना किस पुलिस कर्मचारी को करनी थी। उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही बजाज फाइनेंस कंपनी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

# डीएसपी के आश्वासन के बाद शव का पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

गुरथली गांव के जगतार सिंह द्वारा सुरजाखेड़ा गांव के नजदीक माइनर पर एक पेड़ से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने के मामले में शुक्रवार को भारी संख्या में नागरिक अस्पताल नरवाना में ग्रामीण एकत्रित हुए। ग्रामीणों व परिजन इस बात पर अडिग थे कि जब तक इस मामले में आरोपित व्यक्तियों को गिरफ्तार नही किया जाएगा। तब तक वे मृतक जगतार सिंह के शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। शुक्रवार को डीएसपी नरवाना कमलदीप राणा ग्रामीणों के बीच पहुंचे।



नरवाना। नागरिक अस्पताल नरवाना में मौजूद ग्रामीणों की भीड़।

#### मृतक का अंतिम संस्कार

उन्होंने परिजनों व ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पुलिस इस मामले में आरोपी व्यक्तियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लेगी। डीएसपी से आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण व परिजन जगतार सिंह के शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए राजी हो गए। फिर डॉक्टरों ने मृतक जगतार सिंह के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बाद में गुरथली गांव में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

#### यह है मामला

बुधवार रात गुरथली गांव निवास जगतार सिंह ने सुरजाखेड़ा गांव में स्थित माइनर पर एक पेड़ से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। सुसाइड करने से पूर्व जगतार सिंह ने एक वीडियो बनाया था। जिसमें उसने गांव के ही एक व्यक्ति राजेश को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया और इस साजिश में राजेश सहित चार लोगों के शामिल होने की बात कही। जगतार सिंह ने वीडियो में कहा कि उसे राजेश ने झूठे मुकद्दमें में फंसाया है और वह झूठे मुकद्दमें में जेल नही काट सकता। वीडियो में राजेश के अलावा तीन लोगों के और नाम लिए गए हैं। जिन्हें इस साजिश में शामिल बताया है। मृतक की पत्नी नन्ही देवी ने गढ़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 2023 में गुरथली निवासी राजेश ने उसके पति के खिलाफ सदर थाना नरवाना में एक मुकद्दमा दर्ज करवाया था।

## चांद को अर्घ्य देकर खोला करवा चौथ का व्रत



जींद। जिले में शुक्रवार को करवा चौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुहागिनों ने दिनभर निर्जला व्रत रखा। मौसम साफ होने के कारण रात्रि 8:15 के बाद ही चांद का दीदार हुआ। शाम को चांद को अर्ध्य देकर पति की दीर्घायु की कामना करते हुए व्रत खोला। दिनभर महिलाए सजी संवरी रही। बाजारों में भी खूब खरीदारी हुई। *फोटो :हरिभूमि*

### पीएम मोदी का 17 को होगा सोनीपत में भव्य स्वागत: बेदी

**जींद।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने भूपेंद्र हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के सवाल पर कहा कि एक्सपायरी दवा से किसी का ट्रीटमेंट नही होता है। कुलदीप शर्मा तक ने यह कह दिया है कि वो भागते फिर रहे हैं। कांग्रेस की स्थिति खराब है और उनके पास न नेता है और न हनीति है। न ही कंट्रोल है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी शुक्रवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा को लेकर कहा कि यह डेमोक्रेसी है और प्रजातंत्र में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है। आप किसी भी माध्यम से अपनी बात रख सकते हैं। समस्या यह है कि लाभ होगा या हानि होगी, यह मुझे नही पता। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने सांसद खेल उत्सव मनाए जाने को लेकर कहा कि देश के प्रधानमंत्री की बड़ी सोच है। मंत्री बेदी ने प्रधानमंत्री 17 अक्टूबर को सोनीपत में हरियाणा का सरकार एक साल पूरा होने पर आ रहे हैं। वो यहां नई सौगात देकर जाएंगे।

## कलायत: खल से भरा कैंटर दुर्घटनाग्रस्त, तीन हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

गुरुवार देर रात गांव मटोर के पास खल से भरा एक कैंटर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। उन्हें तुरंत उपचार के लिए कैथल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, कैंटर में सवार व्यक्तियों ने शराब का सेवन किया हुआ था। वे खल के कट्टे लेकर गांव धनोरी से सोनीपत जा रहे थे। रास्ते में गांव मटोर में स्थित एक फीड फैक्ट्री के पास कैंटर अनियंत्रित होकर सड़क



किनारे पेड़ों से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि कैंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें फंसे लोगों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी हरपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कैलरम में करंट लगने से युवक की मौत, केस दर्ज

**कैथल।** गांव कैलरम में चार अक्टूबर को बिजली निगम की लापरवाही से 26 वर्षीय युवक संदीप की मौत मामले में बिजली निगम के तीन कर्मियों को सस्पेंड करने के बाद कलायत थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में कलायत थाना पुलिस को मृतक के पिता की शिकायत पर बिजली निगम के अधिकारियों की लापरवाही को लेकर बीएनएस की धारा 106 के तहत अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।कलायत थाना पुलिस को दी गई शिकायत में मैहला पट्टी कैलरम के महाबीर ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उसके घर के पास से ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किया था लेकिन ट्रांसफार्मर लगाने के बाद तार ढीले छोड़ दिए। इस दौरान उसके बेटे संदीप के ट्रॉली पर चढ़कर काम करते समय चपेट में आने मौत हो गई।



जींद। शहर में फ्लैग मार्च निकालते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

#### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जींद।** त्योहारों के इस उल्लासपूर्ण माह में जब पूरा जींद सजावट और खुशियों की रोशनी में नहा रहा है वहीं पुलिस प्रशासन भी जनसुरक्षा की दृष्टि से पूर्ण सतर्कता और सजगता के साथ सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह मार्गदर्शन में थाना सिटी जींद, थाना शहर सफीदों तथा थाना सदर जींद व थाना उचाना की पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल कर नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास और शांति का संदेश स्थापित किया। सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, थाना शहर सफीदों प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार तथा थाना सदर जींद प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह व थाना उचाना के प्रभारी उप निरीक्षक दिलबाग सिंह के नेतृत्व में पुलिसबल ने अपने-अपने थाना क्षेत्र के इलाका व मुख्य बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल व वाहनों के माध्यम से फ्लैग मार्च किया। शहरी क्षेत्रों में अलग से यातायात पुलिस के नाके लगाए गए हैं। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने नागरिकों से अपील की।

### पंप एक्शन गन व छह जिंदा कारतूस के साथ एक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने नई अनाज मंडी के निकट एक युवक को काबू कर पंप एक्शन गन तथा छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि नई अनाज मंडी के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खडा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पंप एक्शन गन तथा छह जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान राजनगर निवासी कमलदीप के रूप में हुई। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर कमलदीप के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



पूंडरी। अनाज मंडी में किसान की ढेरियां चैक करवाते विधायक सतपाल जांबा।

#### विधायक ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

**पूंडरी।** पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने शुक्रवार को अनाज मंडी पूंडरी का अचानक निरीक्षण किया और इस दौरान किसानों व आढ़तियों की समस्याओं को बारीकी से सुना। निरीक्षण के समय मंडी में किसानों में धान की खरीद को लेकर भारी रोष दिखाई दिया। किसानों ने विधायक के सामने खुलकर शिकायत की कि खरीद एजेंसियों के कुछ अधिकारी मिलरों के साथ मिलकर धान को समर्थन मूल्य से कम दामों पर खरीद रहे हैं और प्रति क्विंटल 100 से 200 रुपये तक की कटौती कर किसानों का नुकसान कर रहे हैं। विधायक सतपाल जांबा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरी मंडी में पैदल घूमकर दर्जनों आढ़तियों की ढेरियों का मौके पर निरीक्षण कर म्योश्चर चेक किया। निरीक्षण के दौरान एक किसान ने अपनी ढेरी दिखाते हुए बताया कि उसकी ढेरी में नमी 17 प्रतिशत से भी कम थी, लेकिन फिर भी समर्थन मूल्य से ₹100 प्रति क्विंटल की कटौती से खरीद की गई। इस पर विधायक ने मौके पर मौजूद खरीद एजेंसी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। मंडी एसोसिएशन प्रधान जेपी जुड़, डीएफएससी निरीक्षक अश्विनी कुमार, हैफेड मैनेजर संदीप आदि मौजूद रहे।

## आसपास के गांव बूराडैहर और बहबलपुर के लोगों को मिलेगा लाभ

# गांव बराड़खेड़ा में खुलेगा उपस्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकार लोगों को सस्ती, बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में सरकार ने जींद जिले के गांव बराड़ खेड़ा में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मंजूरी प्रदान की है। इस केंद्र के शुरू होने से अब स्थानीय लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां पर योग्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता




और नर्सिंग स्टाफ की तैनाती की जाएगी। जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करके इस स्वास्थ्य केंद्र को आम जनता की सेवा में समर्पित कर दिया जाएगा। उपस्वास्थ्य केंद्र केवल बराड़ खेड़ा के ग्रामीणों के लिए ही नही बल्कि आसपास के गांवों बूराडैहर और बहबलपुर के निवासियों के लिए भी वरदान साबित होगा। अब इन गांवों के लोगों को अपने नजदीक ही जांच और इलाज की सुविधा मिल सकेगी। वहीं जुलाना विधानसभा के चार गांवों (बराडख़ेड़ा, नंदगढ़, अनूपगढ़ और बराहकलां) में भूमि उपलब्ध होने पर 2.20 करोड़ रुपये की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण करवाए जाने की घोषणा सीएम ने की थी।

#### दिल्ली की सीएम के जन्मदिन पर घोषणाएं

जुलाना विधानसभा के गांव नंदगढ़ में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बराहकलां गांव में पशु अस्पताल भवन के लिए 31 लाख रुपये, जुलाना विधानसभा के चार गांवों (शादीपुर, रामगढ़, कर्मगढ़ और अनुपगढ़) में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए 60 लाख रुपये तथा गांव मालवी में आयुर्वेदिक अस्पताल के निर्माण के लिए 67.90 लाख रुपये की घोषणा की थी। अब जींद जिले के गांव बराड़ खेड़ा में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मंजूरी स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दी है।

#### जल्द खुलेगा केंद्र

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी रघुवीर पूनिया ने बताया कि सरकार व स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि हर नागरिक को उसके घर द्वार पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों ताकि आपात स्थिति में समय पर उपचार संभव हो सके और लोगों का जीवन सुरक्षित रह सके। गांव बराड़ खेड़ा में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू होगा।



# पोस्ट अधिकारी बनकर भी चमका सकते हैं करियर

नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर गांव में एक पोस्ट ऑफिस मुख्य रूप से उपलब्ध होता है। कई ऐसे छोटे गांव है, जहां पर डाकघर नहीं होगा लेकिन हर एक पंचायत में एक डाकघर अवश्य है। पोस्ट ऑफिस में अलग-अलग पदों पर पोस्ट अधिकारी काम करते हैं। पोस्ट वितरित करने वाले डाकिए से लेकर ब्रांच मैनेजर तक पोस्ट ऑफिसर अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जब हम अपने आसपास किसी भी पोस्ट ऑफिसर को देखते हैं तो हमारे मन में भी ख्याल आता है, कि पोस्ट ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट ऑफिसर कैसे बनें। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

## पोस्ट अधिकारी

भारतीय पोस्ट यानी कि इंडियन डाक डिपार्टमेंट में काम करने वाला हर एक कर्मचारी पोस्ट ऑफिसर कहलाता है। डाक वितरित करने वाले अधिकारी को भी पोस्ट ऑफिसर के नाम से कहा जाता है। हालांकि सामान्य भाषा में डाकिया भी कहते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए विद्यार्थी कौन-कौन से काम करके पोस्ट ऑफिसर बन सकता है। इसकी जानकारी हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### ये चाहिए जरूरी दस्तावेज

*सरकार के द्वारा रिक्त पदों के आधार पर नियमित रूप से पोस्ट ऑफिस पर पद पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में आप अपना आवेदन लगाकर पोस्ट ऑफिसर बन सकते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी दस्तावेज नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं:*

- आवेदक का आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- बैंक पासबुक
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट
- कंप्यूटर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट

## जॉब के लिए योग्यता

**जो उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर बनना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों को कई तरह की योग्यता का मुख्य रुप से ध्यान रखना होता है। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:**

- पोस्ट ऑफिसर बनने वाले सभी कर्मचारियों को सबसे पहले भारत की नागरिकता का मापदंड पूरा करना होगा। जो कर्मचारी भारत के नागरिक है। उनको पोस्ट ऑफिसर बनने का मौका मिलेगा।
- पोस्ट ऑफिस पद पर निकलने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
- आवेदक मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ होना जरूरी है।
- आवेदक को कंप्यूटर का बेहतरीन नॉलेज होना चाहिए और कंप्यूटर के बेहतरीन नॉलेज के साथ-साथ एमएससीआईटी और सीसीसी कोर्स करना आवश्यक है।
- आवेदक के पास न्यूनतम ग्रेजुएशन डिग्री होना जरूरी है ग्रेजुएशन डिग्री के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर के लिए अपना आवेदन लगा पाएंगे।
- उम्मीदवार का किसी भी तरह से क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए हालांकि यह पुलिस वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जो क्रिमिनल रिकॉर्ड ना होने का दावा करता है। यह आपके लिखित परीक्षा में पास होने के बाद पूछा जाने वाला एक दस्तावेज है।

## ये प्रोसेस अपनाएं

**पोस्ट ऑफिसर बनने का सपना देखने वाले कर्मचारियों को कई तरह से तैयारी करनी होती है। सर्वप्रथम कर्मचारियों को पहले ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करनी होगी। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर बनने के योग्य होते हैं।**

पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार को सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करने के बाद किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करनी होगी। विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री अच्छे अंकों के साथ बात करनी है। क्योंकि विद्यार्थी के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम योग्यता के तौर पर पोस्ट ऑफिसर के लिए मानी जाती है। हालांकि पुराने जमाने में डाकिया बनने के लिए कोई भी ग्रेजुएशन डिग्री की जरूरत नहीं होती थी। लेकिन वर्तमान में नए मापदंड के आधार पर डाकिया बनने के लिए भी आपको ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ ही आप आवेदन लगा सकेंगे।

**परीक्षा और इंटरव्यू :** डाक भर्ती का लिखित पेपर पास करने के पश्चात कुछ विशेष पदों के लिए इंटरव्यू का आयोजन भी किया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद में फाइनल मेरिट लिस्ट की घोषणा होती है और उसके आधार पर आप को चयनित कर के दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। पोस्ट ऑफिस तक पद पर काम करने वाले उम्मीदवार को शुरुआत में बेसिक सैलरी 20000 से लेकर 38000 तक प्रदान करवाई जाती है।

### भर्ती में आवेदन करें

जब विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर देता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी को पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए सरकार के द्वारा नियमित रूप से रिक्त पदों के अनुसार भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में अपना आवेदन लगा कर भर्ती की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### भर्ती परीक्षा की तैयारी करें

जब उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर पद के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में अपना आवेदन लगा देता है तो उसके पश्चात उस विद्यार्थी को परीक्षा के सिलेबस को समझते हुए और एग्जाम पैटर्न को समझते हुए बेहतरीन तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में हर पद के लिए बहुत ही ज्यादा कंपटीशन भारत में है। सरकारी नौकरी को लेकर चपरासी पद के लिए भी जबरदस्त कंपटीशन वर्तमान समय में देखने को मिलता है। ऐसे में आपको नियमित पांच से 6 घंटे तक पढ़ाई करते हुए पोस्ट ऑफिसर भर्ती परीक्षा के सिलेबस को पूरा पढ़ना चाहिए और उसके बाद पोस्ट ऑफिस परीक्षा के एग्जाम को क्लियर करना है।

---

## विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता

# बीबीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट और सरकारी जगत में सुनहरे अवसर

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम

बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को प्रबंधन विज्ञान, व्यवसाय रणनीति और नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता है। इसमें प्रायः मार्केटिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप और बिजनेस लॉ जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यधिक महत्व है,मार्केटिंग किसी भी कंपनी की ब्रांड छवि और बिक्री बढ़ाने का प्रमुख स्तंभ है, फाइनेंस और अकाउंटिंग संस्थान की आर्थिक रीढ़ हैं, एचआर प्रबंधन संगठन की कार्यकुशलता और टीम भावना को मजबूत करता है, जबकि बिजनेस लॉ और स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट संस्थान को कानूनी, नैतिक और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टि से सक्षम बनाते हैं। इस प्रकार बीबीए न केवल छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है, बल्कि उन्हें समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, नेतृत्व और टीमवर्क जैसी प्रायोगिक कौशलों से भी सुसज्जित करता है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बीबीए को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बीबीए ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं।



## विशेषज्ञता चुनी जा सकती

बीबीए/ऑनर्स में विषय-गहनता के साथ विशेषज्ञता चुनी जा सकती है। निम्नलिखित प्रमुख विशेषज्ञताएं इस प्रकार हैं।
विपणन (मार्केटिंग) वित्त लेखा
मानव संसाधन प्रबंधन । परिचालन/संचालन
व्यवसाय विश्लेषिकी (बिजनेस एनालिटिक्स)
अंतरराष्ट्रीय व्यापार, उद्यमिता, आपूर्ति श्रृंखला व लॉजिस्टिक्स, खुदरा प्रबंधन, बैंकिंग और बीमा
डिजिटल मार्केटिंग, पर्यटन व आतिथ्य प्रबंधन
इन विशेषज्ञताओं का प्रत्यक्ष उपयोग बिक्री-वृद्धि, लाभप्रदता, लागत-नियंत्रण, प्रतिभा-प्रबंधन, डेटा-व्याख्या, वैश्विक विस्तार और ग्राहक-अनुभव को बेहतर बनाने में होता है।

## इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि कार्यान्वयन-योग्य कौशल ही करियर को तीव्र गति देते हैं,यही आज के उद्योग मानक हैं। निम्नलिखित आवश्यक कौशल इस प्रकार हैं। प्रभावशाली लिखित/मौखिक संचार व प्रस्तुतीकरण, उन्नत स्प्रेडशीट/एमआईएस, मूल वित्तीय विश्लेषण, बजट/पूर्वानुमान, सीआरएम/ईआरपी जैसे व्यावसायिक उपकरणों की समझ, डेटा-आधारित सोच, व्यवसाय विश्लेषण की बुनियाद, बिक्री-वार्ता, ग्राहक-सम्बंध प्रबंधन, सेवा-उत्कृष्टता, परियोजना-प्रबंधन, समय-प्रबंधन, टीमवर्क व नेतृत्व, इंटर्नशिप/ लाइव-प्रोजेक्ट/ उद्योग-प्रमाणन, (गूगल/ मेटा/ टैली/ एक्सेल आदि)

## उच्च अध्ययन के विकल्प

**उच्च शिक्षा नेतृत्व-स्तरीय प्रगति, वैश्विक मानकों की विशेषज्ञता और करियर-गतिशीलता को गति देती है,बीबीए के बाद सही कार्यक्रम चुनना करियर-वृद्धि का गुणक सिद्ध होता है।**

निम्नलिखित प्रमुख उच्च अध्ययन विकल्प इस प्रकार हैं। एम.बी.ए. (विपणन/वित्त/मानव, संसाधन/ संचालन/ व्यवसाय, विश्लेषिकी/ अंतरराष्ट्रीय व्यापार/उद्यमिता) पी.जी.डी.एम. (उद्योग-उन्मुख प्रबंधन), एम.कॉम. (लेखा/वित्त में गहनता), विधि स्नातक (एल.एल.बी.) – कॉर्पोरेट/ व्यापार कानून, व्यवसाय विश्लेषिकी/डेटा विज्ञान में पी.जी. कार्यक्रम, मानव संसाधन प्रबंधन (एम.एच.आर.एम.), अंतरराष्ट्रीय व्यापार (एम.आई.बी.), हॉस्पिटैलिटी/ टूरिज़्म प्रबंधन सीए/ सीएस/ सीएमए जैसी व्यावसायिक योग्यताएं (पात्रता के अनुसार), लोक नीति/ विकास प्रबंधन/ सार्वजनिक प्रशासन में स्नातकोत्तर।

## ले सकते हैं सलाह

- बीबीए कॉर्पोरेट नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और उद्यमशीलता की स्वर्ण-डोरी है,सही विशेषज्ञता, ठोस कौशल और अनुशासित निष्पादन के साथ आप उच्च-विकास निजी भूमिकाएँ, स्थिर एवं सम्मानजनक सरकारी सेवाएं और विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा,तीनों मार्गों पर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।
- **सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.career-jaano.com**पर भी विज़िट कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में विकल्प

**कॉर्पोरेट जगत उच्च-प्रभाव, परिणाम-उन्मुख और ग्राहक-केंद्रित पेशेवरों की तलाश में है,बीबीए स्नातक ठीक इसी मांग को पूरा करते हैं। वे ब्रांड-वृद्धि, राजस्व-त्वरण, लागत-दक्षता और संचालन-उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।**

निम्नलिखित "विशेषज्ञता-आधारित" भूमिकाएं इस प्रकार हैं।

1) विपणन/ डिजिटल/ खुदरा विपणन कार्यकारी, ब्रांड/ कैम्पेन सहायक, डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षु एसईओ/ सोशल मीडिया समन्वयक, सीआरएम कार्यकारी, माल-विक्रय योजनाकर्ता।

2) वित्त/ लेखा/ बैंकिंग-बीमा वित्तीय विश्लेषक प्रशिक्षु, लेखा सहायक, जीएसटी/कर सहायक ऋण-प्रसंस्करण/क्रेडिट समन्वयक, जोखिम-विश्लेषण सहायक, बीमा-अंडरराइटिंग सहायक

3) मानव संसाधन (एचआर) एचआर सहायक, भर्ती समन्वयक, पेरोल/कम्प्लायंस सपोर्ट प्रशिक्षण व विकास समन्वयक, कर्मचारी-संबंध कार्यकारी

4) संचालन/आपूर्ति श्रृंखला/ लॉजिस्टिक्स संचालन सहायक, गुणवत्ता आश्वासन सहायक, क्रय/ प्रोक्योरमेंट सहायक सप्लाई-चेन समन्वयक, इन्वेंट्री/ वितरण योजनाकर्ता

5) व्यवसाय विश्लेषिकी/ एमआईएस एमआईएस कार्यकारी, व्यवसाय विश्लेषण सहायक, रिपोर्टिंग/ डैशबोर्ड समन्वयक

विशेषज्ञता से स्वतंत्र "सामान्य" विकल्प (किसी भी बीबीए स्नातक हेतु) इस प्रकार हैं, ग्राहक सेवा कार्यकारी, इनसाइड-सेल्स/ एसडीआर, प्रशासनिक सहायक ई–कॉमर्स संचालन सहायक, प्रोजेक्ट समन्वयक कंटेंट/ कम्युनिकेशन समन्वयक, उद्यमिता/ स्टार्टअप समन्वयक।

**आय-सीमा (निजी क्षेत्र)**

- **फ्रेशर:** लगभग 3.0–5.5 लाख वार्षिक (स्थान/ क्षेत्र/ कंपनी पर निर्भर)
- अनुभवी (5–10 वर्ष): लगभग 8–22 लाख वार्षिक; उच्च-विकास भूमिकाओं/एमएनसी/एमबीए पश्चात 25–30 लाख+ सम्भव

## सरकारी क्षेत्र में विकल्प

सरकारी सेवाएं स्थायित्व, सामाजिक प्रतिष्ठा और दीर्घकालिक सुरक्षा का समन्वय हैं। बीबीए पृष्ठभूमि के छात्र प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय अनुशासन और संचालन-समझ के कारण अनेक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सशक्त दावेदारी रखते हैं।

**निम्नलिखित प्रमुख** परीक्षाएं/ विकल्प इस प्रकार हैं,

**1) बैंकिंग व बीमा :** एसबीआई/ आईबीपीएस पीओ व क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट एलआईसी/अन्य सरकारी बीमा उपक्रम,असिस्टेंट/प्रशासनिक अधिकारी

**2) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) :** सीजीएल के अन्तर्गत: सहायक लेखा अधिकारी, आयकर सहायक, निरीक्षक/लेखीरीक्षण सहायक सीएचएसएल/अन्य स्नातक पद: डाक/कार्यालय सहायक, डेटा प्रविष्टि इत्यादि

**3) संघ व राज्य लोक सेवा आयोग :** सिविल सेवाएं (आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि), राज्य प्रशासनिक/वाणिज्यिक कर सेवाएं

**4) रेलवे/ पीएसयू/ अन्य बोर्ड:** रेलवे एनटीपीसी/कार्यालय सुपरिंटेंडेंट, सार्वजनिक उपक्रमों में प्रशासनिक/वाणिज्यिक पद एफसीआई, ईएसआईसी, ईपीएफओ जैसे संगठनों में उपयुक्त स्नातक पद

**5) रक्षा सेवाए :** सीडीएस/ एएफसीएटी के माध्यम से अधिकारी प्रशिक्षण,नेतृत्व व राष्ट्र-सेवा का गौरवपूर्ण मार्ग लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**आय-सीमा (सरकारी क्षेत्र):**
**फ्रेशर:** लगभग 3.5–7.5 लाख वार्षिक (आम तौर पर पे-लेवल 5–7)
**अनुभवी/वरिष्ठ:** लगभग 9–20 लाख वार्षिक; उच्च सेवाओं/उच्च ग्रेड-पे में इससे अधिक, साथ में भत्ते/सुविधाएं

---

# स्क्रीन टाइम कम करें, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को समृद्ध बनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का युग डिजिटल क्रांति का है, लेकिन स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और स्क्रीन की चमक में खोकर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और जीवन के अनमोल पलों को नजरअंदाज कर रहे हैं। खासकर छात्रों के लिए, जो अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं, स्क्रीन टाइम को सीमित करना और समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताना न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि जीवन को भी समृद्ध करता है। यह लेख हिंदी में छात्रों को प्रेरित करता है कि वे स्क्रीन की लत से बाहर निकलें और अपने मानसिक स्वास्थ्य व आत्म-विकास पर ध्यान दें। अत्यधिक स्क्रीन टाइम न केवल हमारी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

## तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता

सोशल मीडिया पर तुलना, साइबरबुलिंग, और लगातार ऑनलाइन बने रहने का दबाव छात्रों में तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता है। इसके साथ ही, स्क्रीन की नीली रोशनी नींद को प्रभावित करती है, जिससे एकाग्रता और उत्पादकता कम होती है। लेकिन अगर आप इस समय को नियंत्रित करें, तो आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**स्क्रीन टाइम से होने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याए**

**तनाव और चिंता:** परीक्षा का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ, और सोशल मीडिया पर दूसरों से तुलना छात्रों में चिंता को बढ़ाती है। स्क्रीन टाइम इस तनाव को और गहरा करता है।
**अवसाद:** लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से अकेलापन और आत्मसम्मान में कमी आती है, जो अवसाद का कारण बन सकता है।
**एकाग्रता में कमी:** लगातार नोटिफिकेशन्स और मल्टीटास्किंग के कारण पढ़ाई में ध्यान लगाना मुश्किल हो जाता है।
**नींद की कमी:** देर रात तक स्क्रीन पर समय बिताने से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है।
**साइबरबुलिंग:** ऑनलाइन ट्रोलिंग और नकारात्मक कमेंट्स आत्मविश्वास को कम करते हैं और भावनात्मक तनाव को बढ़ाते हैं।

**स्क्रीन टाइम कम करने के फायदे**

स्क्रीन टाइम को सीमित करके आप अपने मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को कई तरह से बेहतर बना सकते हैं।
**बेहतर एकाग्रता:** स्क्रीन से दूरी बनाकर आप पढ़ाई और अन्य कार्यों में अधिक ध्यान दे पाएंगे।
**मानसिक शांति:** योग और ध्यान तनाव को कम करते हैं और दिमाग को शांत रखते हैं।
**स्वस्थ जीवनशैली:** स्क्रीन टाइम की जगह योग, व्यायाम, और प्रकृति के साथ समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।
**नए कौशल का विकास:** खाली समय में आप कोई नया कौशल जैसे कोडिंग, लेखन, या कोई वाद्य यंत्र सीख सकते हैं।
**मजबूत रिश्ते:** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से भावनात्मक समर्थन मिलता है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

## जीवन को बेहतर बनाने के उपाय

**समय सीमा तय करें:** रोजाना स्क्रीन टाइम को 1-2 घंटे तक सीमित करें। फोन पर टाइमर या ऐपलिमिटर का उपयोग करें।
**स्क्रीन-फ्री ज़ोन:** पढ़ाई का स्थान और बेडरूम को स्क्रीन-फ्री रखें। सोने से पहले फोन का उपयोग बंद करें।
**योग और ध्यान अपनाएं :** सुबह 10-15 मिनट सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, या मेडिटेशन करें। यह तनाव कम करता है और एकाग्रता बढ़ाता है।
**नए कौशल सीखें:** अपने समय को रचनात्मक कार्यों में लगाएं, जैसे कोई भाषा सीखना, पेंटिंग, या डिजिटलस्किल्स। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और भविष्य के लिए उपयोगी है।
**परिवार के साथ समय:** परिवार के साथ भोजन करें, बातचीत करें, या कोई खेल खेलें। यह अकेलेपन को कम करता है और रिश्तों को मजबूत करता है।
**प्रकृति के करीब जाएं:** पार्क में टहलें, पेड़-पौधों के बीच समय बिताएँ। यह मानसिक तनाव को कम करता है।
**परामर्श लें:** अगर तनाव या अवसाद लगे, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें।
**छोटे कदम, बड़े बदलाव :** स्क्रीन टाइम कम करना शुरू में मुश्किल लग सकता है, लेकिन छोटे कदमों से आप इसे आसानी से हासिल कर सकते हैं। हर दिन एक घंटा कम स्क्रीन टाइम का मतलब है हर हफ्ते 7 घंटे आपके पास योग, पढ़ाई, परिवार, या नए कौशल के लिए। यह समय आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और आपके सपनों को हकीकत में बदलने में मदद करेगा। छात्र जीवन आपके भविष्य का आधार है। स्क्रीन की चमक में खोने के बजाय, अपने समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताएँ। यह न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करेगा, बल्कि आपको एक संतुलित, सुखी, और सफल जीवन की ओर ले जाएगा। आज से ही शुरुआत करें अपने फोन को एक तरफ रखें, गहरी सांस लें, और अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं। आपका दिमाग और आपका समय आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं, इनका सही उपयोग करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ब्रजभाषा' है -
(ए) पूर्वी हिन्दी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) बिहारी हिन्दी
(डी) पहाड़ी हिन्दी

**2.** मगही' किस भाषा की बोली है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) पूर्वी हिन्दी
(डी) बिहारी

**3.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(ए) मागधी
(बी) अर्धमागधी
(सी) शौरसेनी
(डी) ब्राचड़

**4.** भाषा के आधार पर राज्यों की पुनः संरचना की गयी थी ?
(ए) 1952 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1954 ई. में
(डी) 1956 ई. में

**5.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(ए) पंजाब
(बी) जमू-कश्मीर
(सी) रजस्थान
(डी) आंध्र-प्रदेश

**6.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पूर्वी हिन्दी
(सी) बिहारी
(डी) पश्चिमी हिन्दी

**7.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?
(ए) 15 अगस्त, 1947 ई.
(बी) 26 जनवरी, 1950 ई..
(सी) 14 सितम्बर, 1949 ई..
(डी) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**8.** वर्ष 1955 ई. में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे -
(ए) बी. जी. खेर
(बी) सुनीति कुमार चटर्जी
(सी) जी. बी. पन्त
(डी) पी. सुब्योरोयान

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### अवैध निर्माणों के विरुद्ध हुई तोड़फोड कार्रवाई

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष पे बताया कि एक अक्टूबर को जींद शहरी क्षेत्र, राजस्व सम्पदा गांव पांडू पिंडारा एवं निरजन में हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र नियमन अधिनियम 1975 के प्रावधानों के अंतर्गत अवैध निर्माणों को हटाने हेतु तोड़फोड़ अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया।

### एजेंसियों ने खरीदी 40,525 एमटी धान

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि खरीद जिला की अनाज मंडियों में धान की खरीद प्रक्रिया तेजी और पारदर्शिता के साथ जारी है। अब तक 40,525 मीट्रिक टन धान की खरीद पूरी हो चुकी है। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि नरवाना मंडी में सबसे अधिक 20,234 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। इसके अलावा उचाना मंडी में 5,900 मीट्रिक टन, धमतान मंडी में 3,479 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा में 4,366 मीट्रिक टन, सफीदों में 3,209 मीट्रिक टन और अलेवा मंडी में 2,010 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।

### काब्रच्छा में पीआर धान की खरीद प्रारंभ

**उचाना।** काब्रच्छा में पीआर धान की खरीद शुरू हुई। पहले दिन 1300 क्विंटल की खरीद की गई। किसानों द्वारा विधायक से मांग की थी कि खरीद पीआर की परचेज सेंटर पर शुरू हो। यहां खरीद होने से काब्रच्छा के आस-पास के गांवों के किसानों को पीआर बेचने को नरवाना, उचाना नहीं आना पड़ेगा।

### हलके के लोगों में मनों में बसे विधायकः प्रवीण

उचाना। मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग उचाना खुर्द ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के मिलनसार रवैये से आमजन के साथ-साथ विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ता भी कायल हो रहे है। निरंतर लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुन कर उनका समाधान करने का काम विधायक कर रहे है। एक साल के कार्यकाल में ही लोगों के मनों में बस कर उनको दिलों पर राज करने का काम विधायक ने किया है।

### पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो ने किया स्वागत

**कैथल।** हरियाणा शहीद स्मारक कैथल पर यारी इंटरनेशनल अमेरिका और टीम इंडिया का पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से कैथल में भव्य स्वागत किया। यारी टीम के प्रधान डॉ जसबीर लोहान और डॉ रणबीर लोहान है उनके साथ आए उनके परिवारजन व दूसरे देशों से अन्य प्रदेशों व हरियाणा के कोन-कोन से उनकी यात्रा में चल रहे सभी साथियों का हार्दिक भव्य अभिनंदन किया गया।

### विंग कमांडर डा. रजत गर्ग ने वादा किया पूरा

**पाई।** कैथल जिले के गांव करोड़ा के बाशिंदे विंग कमांडर डा. रजत गर्ग का परिवार अभी कैथल में रहता है लेकिन अपनी जन्मभूमि को नहीं भूला। गांव के सरकारी स्कूल में लड़कियों के मिड डे मील के लिए अध्यापकों ने सीमेंट के बैंच बनाने की मांग रखी थी तो उस समय पंडित आनंद शर्मा ने तुरंत फोन पर विंग कमांडर डा. रजत गर्ग से बात की थी और हामी भरते कहा कि कार्य को तत्काल करवाया जाए।

### राजौंदः धान कटाई का सीजन जोरों पर

**राजौंद।** क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य आए दिन जोर पकड़ रहा है। किसान अपनी फसल को सहेजने में लगे हुए हैं। जिसके चलते किसान दिन रात एक कर अपनी फसल को काटने व उठाने में लगे हैं। अभी तक धान फसल पककर तैयार हो चुकी है। उसके बावजूद भी अधिकतर किसान मजदूरों के साथ-साथ स्वयं भी अपनी फसल की कटाई में जुटे हुए हैं।

### विद्यार्थियों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

**कैथल।** अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना साइबर क्राइम एसएचओ पीएसआई शुभ्रांशु के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कृषि महाविद्यालय कौल में विद्यार्थियों व स्टाफ को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। कृषि कालेज कौल प्राचार्य डाँ ओपी चौधरी आदि मौजूद रहे।

## नवदीप स्टेडियम नरवाना में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

# विभिन्न खेलों के लिए 3456 खिलाड़ियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

### उद्घाटन समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व राज्यसभा सांसद बराला पहुंचे



**नरवाना।** नवदीप स्टेडियम में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी खिलाड़ियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**नरवाना।** कार्यक्रम में हरियाणवी डांस प्रस्तुत करती हुई एक बालिका।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

नवदीप स्टेडियम में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। इस खेल महोत्सव में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। जबकि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र नोडल अधिकारी के रूप में मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों में बेहतर खेल प्रतिभा पैदा करना है। खेलों से युवा पीढ़ी का जहां समग्र विकास होता है वहीं प्रतियोगिता के इस युग में अनुशासन एवं एकाग्रता के साथ अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा भी मिलती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी खेल नीति से युवा खिलाड़ियों को नया प्रोत्साहन मिल रहा है। कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की ओलंपिक, एशियाड व कॉमनवेल्थ जैसी खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों को करोड़ों रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। इसके अलावा खिलाड़ियों को बेहतर एवं उत्कृष्ट खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नवदीप स्टेडियम में आधुनिक पवेलियन निर्माण के लिए तीन करोड़ 28 लाख तथा स्टेडियम नवीनीकरण के लिए एक करोड़ 70 लाख की राशि सरकार द्वारा मंजूर की जा चुकी है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी तथा राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने संयुक्त रूप से हॉकी टीम के खिलाड़ियों से परिचय किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा, हरकोफैड चेयरमैन वेद फूला, पूर्व विधायक पिरथी नंबरदार, मार्केट कमेटी चेयरमैन अमित ढाकल, वाइस चेयरमैन सत्य प्रकाश सैनी, मंडी एसोसिएशन प्रधान ईश्वर गोयल, ओमप्रकाश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

#### खेल को खेल की भावना से खेलें

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर पूरे देश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों के सम्मान में लिया गया अनूठा फैसला है। यह आयोजन जहां मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ियों के प्रति समर्पण एवं श्रद्धांजलि की भावना से ओतप्रोत है वही युवा पीढ़ी को शारीरिकए मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में करीब 40 हजार खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों के लिए पंजीकरण करवाया है जो सराहनीय है। इसके अलावा नरवाना में आयोजित इस खेल महोत्सव में तीन हजार 456 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। बराला ने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे खेल को खेल की भावना से खेलें और टीम स्पिरिट के साथ प्रतियोगिता में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करे। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता में भाग लेने से खिलाड़ियों में आगे बढ़ाने की नई सकारात्मक सोच पैदा होती हैए जिसके आधार पर भविष्य में संस्कार युक्त समाज तथा राष्ट्र का नवनिर्माण की परिकल्पना साकार करना संभव है।

# रेलवे विभाग ने २४ घंटे में उठाया कदम

- पत्थर डाल लगाया अस्थायी अवरोधक स्थायी लोहे के बैरिकेड्स जल्द लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

रेलवे विभाग ने देवीलाल चौक स्थित छोटे अंडरपास पर अस्थायी तौर पर पत्थर डाल कर अवरोधक लगा दिए हैं और आश्वासन दिया है कि 15 दिनों के भीतर स्थाई लोहे के अवरोधक भी लगा दिए जाएंगे। अब अस्थाई तौर पर अवरोधक लगाए जाने से बड़े वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। अवरोधक लगाए जाने को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने जनहित में मांग रखी थी।



**जींद।** रेलवे विभाग द्वारा पत्थर डालकर अस्थाई अवरोधक। *फोटो :हरिभूमि*

#### 15 दिन में स्थायी अवरोधक लग जाएंगे

डा. गोयल ने कल रेलवे विभाग के अधिकारियों से मांग की थी कि देवीलाल चौक के पास बना छोटा अंडरपास केवल पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहनों के लिए बनाया गया था लेकिन वर्तमान में चार पहिया वाहन, ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा भी अंदर से गुजर रहे हैं। इससे जाम और दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई हैं तथा पैदल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा था कि यह मामला जनहित और सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इसलिए रेलवे विभाग को इसमें तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि यहां 15 दिनों के भीतर स्थाई लोहे के अवरोधक लगा दिए जाएंगे और स्थाई अवरोधक लगने तक कल से ही पत्थर डालकर अस्थाई अवरोधक लगा दिए जाएंगे। गोयल की अपील के बाद विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते आज पत्थर डालकर अस्थाई अवरोधक लगा दिए।



बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशी राम की प्रतिमा पर पुष्पार्पित करते समाज के लोग।

### कांशीराम को किया नमन

**कैथल।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और दलितों के मसीहा कांशी राम की पुण्यतिथि के अवसर पर एक स्तरीय कार्यक्रम कैथल के पंजाबी सदन में किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कृष्ण जमालपुर ने शिरकत की। कार्यक्रम में वक्त के रूप में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी दलवीर भान ने शिरकत की । कार्यकर्ताओं द्वारा बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर साहब कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मान्यवर साहब काशीराम जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर के की गई। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने कहा कि कांशी राम ने अपना जीवन दलितों और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर दलितों को राजनीतिक शक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विरासत आज भी दलित राजनीति में प्रेरणा का स्रोत है।

### ग्राम सचिव से दुर्व्यवहार तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव बरसाना में महिला ग्राम सचिव को खेत से बाजू पकड़ कर बाहर निकाल, खेत में आग लगाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव बरसाना की ग्राम सचिव कुसुम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पंचायती काम के सिलसिले में वह खेतों का भौतिक निरीक्षण कर रही थी। उसी दौरान गांव के ही जगमोहन, हरिमोहन तथा एक अन्य ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसके साथ दुव्यहार किया। आरोपितों ने उसकी बाजू पकड़ कर खेत से बाहर निकाल दिया और खेत में आग लगा कर उसका नाम रखने की धमकी दी। आरोपितों ने उसे सरकारी कार्य नही करने दिया।

### नशा न करने बारे किया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, सोनिया, एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार, गुरविंद्र सिंह की टीम द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर गांव हाबड़ी, सिरसल कलायत क्षेत्र के सभी वार्ड में मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है। नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता।





**कैथल।** ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी । *फोटो :हरिभूमि*

### हरियाणा में अफसरशाही बेलगामः हंस

**सीवन।** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या की घटना ने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि हरियाणा में अब सरकार नहीं, बल्कि कुछ प्रभावशाली अधिकारी शासन चला रहे हैं और मुख्यमंत्री तक को पूरी जानकारी नहीं रहती कि तंत्र के भीतर क्या चल रहा है। विधायक ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी ने अपने सुसाइड नोट में स्पष्ट लिखा कि कुछ उच्च पदस्थ आईएएस और आईपीएस अधिकारी मिलकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे और उनकी छवि धूमिल करने की साजिश रच रहे थे। यह केवल व्यक्तिगत विवाद नहीं, बल्कि प्रशासनिक गिरोहबाजी का संकेत है, जो आज पूरे सिस्टम पर हावी है। देवेंद्र हंस ने कहा कि स्थिति बेहद खतरनाक है, जहां मुख्यमंत्री तक को यह पता नहीं कि अधिकारियों के बीच क्या चल रहा है। इससे साबित होता है कि शासन का नियंत्रण सरकार के हाथों से निकलकर कुछ अफसरों के समूह में सिमट गया है।

### रोटरी मिडटाउन ने लगाई मुफ्त में मेहंदी

**जींद।** रोटरी क्लब जींद मिडटाउन द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष में स्थानीय मदर केयर प्रतिष्ठान स्कीम नंबर 6 पर मेहंदी कंपटीशन कराया गया और क्लब की लगभग 50 महिलाओं के अलावा स्थानीय महिलाओं को भी मुफ्त में मेहंदी लगाई गई। जिसमें मेहंदी लगाने और लगवाने का कंपटीशन भी कराया गया और जो प्रतियोगिता में जीतने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधान तरुण जैन ने बताया कि करवा चौथ का त्यौहार महिलाएं बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ बनती है। जिसमें वह इस दिन व्रत रखती है और अपने पति की लंबी आयु की कामना भगवान से करती है। महिलाएं बड़े चाव से सजती संवर्ती हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से एएलएक्स मायाराम देवली, सचिव अशोक शर्मा, मुकेश सिंगला, मनोज शर्मा, काजल जैन, डा. रीता गुप्ता, डा. पूजा बंसल, वंदना गुप्ता, सुषमा सिंधवानी निधि जिंदल इत्यादि उपस्थित रहे।



**जींद।** मेहंदी लगाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



जागरूकता काउंसलिंग सेशन में जानकारी देते मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**जींद।** हुडा मार्केट में गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेंटर में शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में जागरूकता काउंसलिंग सेशन किए गए मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हमारे लिए एक महान अवसर है कि हम एक साथ मिलकर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करें और सभी को बताएं कि यह महत्वपूर्ण है। आज के बदलते समय में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक बीमारी के अंतर को समझें, तनाव, चिंता, अवसाद के कारण और भावनाओं की पहचान और नियंत्रण की तकनीक जैसे माइंडफ्लूनेस, मेडिटेशन और योग के महत्व को समझें। बच्चों व युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती मन को शांत रखना है, उनके जीवन में सोशल मीडिया और आधुनिक जीवन शैली का बहुत गहरा प्रभाव है। नरेश जागलान ने बताया कि हमें मानसिक स्वास्थ्य को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनना होगा और मानसिक स्वास्थ्य पर खुल कर बात करना समाज के लिए एक सकारात्मक कदम है।



**जींद।** प्रतियोगिता में तृतीय रही टीम। *फोटो :हरिभूमि*

### राजकीय कालेज की कबड्डी टीम तृतीय

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि की अंतर कालेज महिला कबड्डी नेशनल स्टाइल प्रतियोगिता 8 से 9 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय जींद की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में उत्कृष्ट खेल भावना और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। राजकीय महाविद्यालय जींद की टीम की इस उपलब्धि पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि श्छात्राओं की इस उपलब्धि से महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है। उनकी लगन और मेहनत अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। प्रतियोगिता विजेताओं को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देने के लिए डा. रणधीर सिंह, डा. कृष्ण श्योकंद, डा. कृष्ण कुंडू, डा. मनोज कुमार, डा. नरेंद्र, डा. शिव कुमार और डा. राम कुमार उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन ने खिलाडियों की मेहनत और सफलता की सराहना करते उनकी उपलब्धि को महाविद्यालय के गौरवपूर्ण क्षणों में शामिल बताया।

# राष्ट्रपति के नाम सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** मांगों को लेकर सीटीएम को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

एडीजीपी वाई पूरन के आत्महत्या मामले में शुक्रवार को सामाजिक संगठनों ने शहर में प्रदर्शन कर जातिवाद का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारी लघु सचिवालय पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधितज्ञापन सौंप कर आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की। शुक्रवार को कांग्रेस, एससी, एसटी, ओबीसी समाज एकता मंच के आह्वान पर कार्यकर्ता रानी तालाब पर एकत्रित हुए और बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष रोष सभा की। कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि एडीजीपी आत्महत्या की घटना बताती है कि दलित अधिकारी तक सुरक्षित नही हैं। उन्होंने यूपी में हाल ही में एक दलित व्यक्ति की सरेआम हत्या का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा सरकार में कानून और संविधान को ताक पर रख कर जातीय भेदभाव किया जा रहा है। वहीं एससी, एसटी, ओबीसी समाज एकता मंच के नेता धर्मपाल सिंहमार, कमल चौहान, एडवोकेट सुनील बामनिया, राजेश पहलवान, सुखीराम धरौदी ने कहा कि वर्तमान शासन में सरकारी विभागों एवं निजी संस्थानों में भी दलितों व पिछड़ों के साथ भेदभाव हो रहा है। यह केवल एक वर्ग का नही बल्कि पूरे समाज का अपमान है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**जींद।** मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### मेहंदी लगवा कर छात्राओं को पुरस्कृत किया

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के ईडीसी ने करवाचौथ के अवसर पर मेहंदी लगाओ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां वे अपनी कला एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकें तथा सीखते कमाने का अनुभव प्राप्त कर सकें। यह पहल छात्राओं में स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित करने और उद्यमशील कौशल के विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं और उन्हें अपने हुनर को पहचानने के साथ-साथ आर्थिक रूप से सक्षम बनने का अवसर प्रदान करते हैं। प्राचार्या ने ईडीसी की इंचार्ज डा. प्रियंका साहनी और सदस्या आरती सैनी के इस पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की सभी महिला स्टाफ सदस्यों ने मेहंदी लगवा कर छात्राओं को प्रेरणा स्वरुप पुरस्कृत भी किया।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किया बैठक का आयोजन

# स्वदेशी अपनाकर देश को मजबूत बनाएंः जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी की अग्रवाल धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी के हलका स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज राणा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मार्केट कमेटी अध्यक्ष सुभाष हरियाणा, मार्केट कमेटी अध्यक्ष पाई कृष्ण पिलनी और कमेटी अध्यक्ष ढांड बजेंद्र मैहला ने भी भाग लिया।



**पूंडरी।** बैठक में मौजूद मंचासीन भाजपा नेता व विधायक सतपाल जांबा।

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भारत की जीडीपी तेजी से बढ़ रही है और आज भारत पूरी दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है, जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। हमें भी दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर, स्थानीय उत्पादों का उपयोग बढ़ाकर देश को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत न केवल कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र में बल्कि रक्षा उत्पादन, डिजिटल अर्थव्यवस्था और कुटीर उद्योगों में भी नए आयाम स्थापित कर रहा है। देश के लाखों कुटीर उद्योग आज वस्त्र, हथकरघा, घरेलू उपकरणों से लेकर रक्षा सामग्री तक के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में योगदान दे रहे हैं।

#### ये रहे मौजूद

भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र, सेमीकंडक्टर निर्माण, और रक्षा उपकरणों के स्वदेश उत्पादन में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं।
विधायक जांबा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे "आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि हर नागरिक देश की आर्थिक मजबूती में योगदान दे सके।
इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा महामंत्री देवेंद्र पांचाल, जयसिंह गुर्जर सोलुमाजरा, भाजपा नेत्री निधि मोहन, हर्ष सेठी, वीना सेठी, प्रताप राणा, डॉ. बलविंदर मैहला, ऋषिपाल, नरेश कुमार, दीपक नंद्राजोग, राजेश सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



**जींद।** भांग मुक्त अभियान चलाए हुए छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

### नशे की लत से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में शुक्रवार को भांग रहित कैंपस अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य हैं और उनका स्वस्थ, नशामुक्त जीवन समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे नशे की लत से दूर रहें और अपने साथ-साथ अपने मित्रों को भी जागरूक करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और महाविद्यालय के सभी सदस्यों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और महाविद्यालय परिसर को भांग तथा अन्य नशीले पदार्थों से मुक्त रखना था।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पुत्र रामचन्द्र निवासी मकान नंबर 244/5, हकीकत नगर, अपोलो रोड, जींद, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री अनुष्का मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं और मेरी पत्नी इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिक राजकुमार पंचतत्व में विलीन

**कैथल ।** गांव कौल के कि पूर्व सैनिक हवलदार राजकुमार पंचतत्व में विलीन हो गए। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल ने गांव पहुंचकर उनकी शव यात्रा में भाग लिया तथा परिजनों को तिरंगा भेंट किया। बता दें कि पूर्व सैनिक हवलदार राजकुमार जो आर्मी मेडिकल कोर के अंदर 24 साल तक अपनी सेवा दी । जिन्होंने 62 वर्ष की आयु में रात अंतिम सांस ली।

### ओवरलोडिड वाहनों से बढ़ी परेशानी

**राजौंद।** नगर में इन दिनों ओवर लोडिंग गुजरने वाले वाहनों ने लोगों को परेशान कर रखा है। जब यह वाहन सड़क मार्ग से गुजरते है तो सामने से आने वाला कोई भी वाहन सड़क से नहीं गुजर सकता, जिससे दुर्घटना होने का भय बना रहता है। इस बारे में नगर के लोगों ने कई बार पुलिस प्रशासन को भी अवगत करवाया, लेकिन पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं की।

### डीएलएसए ने जांच एवं जागरुकता कैंप लगाया

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास के निर्देशानुसार एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका के मार्गदर्शन में कलाम बाल आश्रम में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जांच एवं मानसिक स्वास्थ्य जांच का आयोजन नागरिक अस्पताल के समन्वय से किया गया।

## करवा चौथ पर मंदिरों में हुआ सामूहिक कथा व भजन का आयोजन

# सुहागिनों ने रखा करवा चौथ व्रत चांद के दीदार के साथ खोला

शहर के ढाबों व होटलों पर लगी खाना लेने वालों की भीड़, बाजारों में सारा दिन रही खासी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत धूमधाम से मनाया गया। सुहानिग महिलाओं ने व्रत रख कर अपने पति की लंबी उम्र के लिए कामना की। सुबह के समय में भारी संख्या में महिलाओं में टोलियां बना कर करवा माता की कथा सुनी और पति की लंबी उम्र के लिए भगवान से कामना की। सुहागिनों के अलावा कई लोगों ने पत्नी की लंबी उम्र के लिए व्रत रखे और पत्नी की लंबी उम्र की कामना की। शहर के बाजारों में भी सारा दिन खासी रौनक रही।



**जींद।** जयंती देवी मंदिर में कथा सुनतीं महिलाएं।



**सीवन।** करवा चौथ पर कथा सुनतीं महिलाएं

### करवा चौथ पर सुनी कहानियां

करवाचौथ के त्यौहार पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा और कहानी सुनी। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ हिंदू पंचाग के अनुसार कार्तिक माह के चौथे दिन होता है। परंपराओं के अनुसार इस दिन शादीशुदा महिलाएं या जिनकी शादी होने वाली हैं वो अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत करती हैं। ये व्रत सुबह सूरज उगने से पहले से लेकर और रात्रि में चंद्रमा निकलने तक रहता है। ये एक दिवसीय त्योहार अधिकतर उत्तरी भारत के राज्यों में मनाया जाता है। इस दिन सिर्फ पति की लंबी आयु की ही नहीं उसके काम-धंधे धन आदि इच्छाओं की पूर्ति की प्रार्थना करती हैं। करवा चौथ की शुरुआत किसी एक कथा के कारण नहीं हुई थी। इसलिए इस त्योहार की बहुत अधिक महत्वता है। इस दिन के लिए कई सारी कथाओं का प्रचलन है। पूरे भारतवर्ष में हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले लोग बड़ी धूमधाम से करवाचौथ मनाते हैं।

### बाजार में रही भीड़

शहर के बाजारों में शुक्रवार को सुबह के समय खासी भीड़ रही। सुबह सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा। दोपहर को करवा माता की कथा सुनी और उसके बाद जलपान किया। रात में चांद निकलने के बाद ही सुहागिनों ने छलनी से पति और चांद के दर्शन करने के बाद अपने व्रत खोले। इस मौके पर पतियों ने अपनी पत्नियों को शानदार गिफ्ट भी दिए। शहर के बाजारों में करवा चौथ को लेकर खरीददारी का दौर दिन भर चलता रहा। वहीं जैसे ही महिलाओं ने चांद को देख कर व्रत को पूरा किया तो शहर के ढाबों व होटलों पर खाना लेने के लिए लंबी लाइनें लग गई।

### करवा चौथ पर्व श्रद्धा से मनाया

**जींद।** अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ पर्व पर शुक्रवार दोपहर बाद माता वैष्णवी धाम में पूर्ण हर्षोल्लास व श्रद्धाभक्तिपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सजी-संवरी महिलाओं ने मां वैष्णवी व भगवान गणपति की भावपूर्वक सामूहिक आरती उतार कर उनसे अखंड सुहाग की कामना की। धाम के आचार्य पवन शर्मा ने इस अवसर पर नारी जाति के लिए मंगलकामना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि तुम्हारा अणु-अणु शक्ति से भरा है, पुरूषार्थ करके उस शक्ति के भंडार का द्वार खोल दो, मां जगदम्बा की अपार शक्ति तुममें निहित है।





### पति की लंबी उम्र के लिए रखा व्रत

**उचाना।** करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं ने पतियों की लंबी उम्र की कामना के लिए रखा। सज-धज कर महिलाओं ने व्रत रख दोपहर को महिलाओं के साथ करवा चौथ की कहानी सुनी। सूर्य देवता को जल अर्पण किया। शहर की लाला प्रभु दयाल धर्मशाला में महिलाओं ने एकत्रित होकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया गया। डांस कार्यक्रम यहां आयोजित हुआ। शहर के बाजारों में भी खरीदारी के लिए भीड़ महिलाओं की नजर आई। पं. अशोक शर्मा ने कहा कि करवा चौथ का व्रत सिर्फ धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। रात को महिलाओं ने चांद के दीदार कर अपना व्रत खोला।

### रीति-रिवाजों के साथ पूजा आराधना



**कैथल।** जिले भर में शुक्रवार को करवाचौथ का व्रत बड़े ही उत्साह व रीति-रिवाज से मनाया गया। सुहागिनों ने अपने सुहाग की लम्बी आयु के लिए व्रत रखा तथा रीति-रिवाजों के साथ पूजा आराधना की। भारतीय संस्कृति में अनेक व्रत व त्यौहार मनाए जाते है लेकिन करवाचौथ के व्रत का अपना ही एक महत्व है जिसका इन्तजार प्रत्येक स्त्री को रहता है। करवाचौथ का व्रत रखकर पत्नी पति की लंबी आयु की कामना करती है व घर परिवार में खुशहाली की प्रार्थना कर चंद्रोदय के बाद अर्ध्य देकर अन्न-जल ग्रहण किया। दोपहर बाद सुहागिनों ने पौराणिक कथा सुनकर अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की।

### महिलाओं ने सुनी करवे की कहानी

महिलाओं ने जिले भर में करवे की कहानी सुनी। करवाचौथ को लेकर पिछले कई दिनों से महिलाएं तैयारियों में लगी हुई थी। करवाचौथ का व्रत पति पत्नी के प्रेम को बढ़ाता है व उनके रिश्तों में अटूट बंधन की डोर को मजबूत बनाता है। यह पर्व आधुनिक समाज में आत्मिक भावनाओं को प्रकट करने का शुभ अवसर होता है। आज के दिन धर्मपरायण, निष्ठावान महिलाएं नीर जल, निराहार इस व्रत को पूर्ण करके सौभाग्य की प्राप्ति करती हैं। वास्तव में यह व्रत दाम्पत्य जीवन के मनमुटाव तथा सूक्ष्म, विघ्न बाधाओं को दूर करने में समर्थ है।

# सुरेन्द्र को मिला ग्लोबल रोल मॉडल अवॉर्ड

- शिक्षा, नैतिक मूल्यों और समाज सेवा में दिया योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शिक्षा, विज्ञान और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय अटेला (कैथल) में सेवारत पीजीटी साइंस सुरेन्द्र कुमार शर्मा को राह ग्रुप फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर स्थित लाल चौक के पास बने पीएम श्री स्कूल में आयोजित इस सम्मान समारोह में राह संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से 61 प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यअतिथि राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा कि सुरेन्द्र कुमार शर्मा विद्यार्थियों को विज्ञान विषय के प्रति रुचि जगाने के साथ-साथ उन्हें नैतिक मूल्यों, जीवन दर्शन और सामाजिक जिम्मेदारी की ओर भी प्रेरित करते हैं। वे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नवाचार की भावना विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



**कैथल।** पीजीटी साइंस सुरेन्द्र कुमार शर्मा को सम्मानित करते चेयरमैन नरेश सेलपाड़ व वाइस चेयरमैन रामनिवास वर्मा।

### फिटनेस की भी प्रेरणा

शर्मा विद्यालय में कई शैक्षणिक नवाचारों और पर्यावरणीय अभियानों का नेतृत्व कर चुके हैं। सुरेन्द्र शर्मा का मानना है कि "शिक्षा केवल अंकों का खेल नहीं है, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा का विकास ही सच्ची शिक्षा है।" वे विद्यार्थियों को सरकारी व गैर-सरकारी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं और स्वयं भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर फिटनेस और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करते हैं।

## आईपीएस वाई पूरन केस में जताया रोष

**जींद।** इनेलो अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर पहलवान ने कहा कि आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या नहीं यह व्यवस्था की हत्या है। हरियाणा में राष्ट्रपति पदक विजेता एवं सीनियर आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की संदिग्ध आत्महत्या ने पूरे प्रदेश की आत्मा को झकझोर दिया है। अनुसूचित जाति समाज से आने वाले इस ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी ने अपने सुसाइड नोट में डीजीपी शत्रुजीत कपूर समेत दस से अधिक वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल आत्महत्या नही बल्कि सत्ता संरक्षित उत्पीडऩ और भेदभाव का नतीजा है। कुमार के परिवार ने इसे सीधी हत्या की साजिश बताया है।

# समाजसेवी रणबीर लोहान की सद्भावना पद यात्रा का पूंडरी में जोरदार स्वागत

- विदेशों में बसे बच्चों व जवानों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी में समाजसेवी रणबीर लोहान व जसबीर लोहान द्वारा प्रदेशभर में निकाली जा रही जागरूकता एवं सद्भावना पद यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यह यात्रा जब पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, पूंडरी पहुंची तो फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। समाजसेवी रणबीर लोहान ने बताया कि पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य विदेशों में बसे प्रदेश के हर वर्ग के बच्चों, बॉर्डर पर तैनात जवानों के उत्तम स्वास्थ्य, उन्नति और दीर्घायु की कामना करना है। यह यात्रा 8 अगस्त से आरंभ हुई थी और समापन 12 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। यात्रा के दौरान वे विदेशों में किसी भी कारण से मारे गए युवाओं और देश के शहीदों के घरों से मिट्टी और पानी एकत्रित कर रहे हैं। समापन पर इस मिट्टी, पानी और गाय के गोबर से हवन कुंड तैयार कर हवन किया जाएगा। इस मौके पर राजेश चेयरमैन, ईश्वर जांबा, शशि मैहला, जयदेव, रणदीप टाया, नितेश सरपंच, राजेश सरपंच, नरेश, जगदीप, रामपाल राहड़ा, बीरा झोली, सुशील जांबा, अश्विन शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**पूंडरी।** रणबीर लोहान का स्वागत करते हुए गणमान्य लोग।

# बलराज को जूस पिला अनशन करवाया समाप्त



**उचाना।** बलराज श्योकंद को जूस पिला अनशन समाप्त करवाते हुए एसडीएम।

- पांच दिनों से चल रहा किसान संगठन का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में चल रहा संयुक्त किसान, मजदूर मोर्चा उचाना का अनिश्चित कालीन धरना शुक्रवार को समाप्त हुआ। अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठे पूर्व मंडी प्रधान बलराज श्योकंद के साथ-साथ क्रमिक अनशन पर बैठे चार किसानों को जूस पिलाकर अनशन को एसडीएम दलजीत सिंह द्वारा समाप्त करवाया गया। पांच दिनों से पीआर धान की खरीद में नमी के नाम पर कटौती के आरोप लगाते हुए अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया था। सरकारी मापदंड पर खरी उतरने वाली पीआर धान खरीदे जाने, खरीद को लेकर जो मिल अब अलॉट है उसके अलावा अन्य मिल अलॉट किए जाने की मांग की जा रही थी। एसडीएम दलजीत सिंह ने कहा कि किसानों को किसी तरह की परेशानी खरीद को लेकर नहीं आने दी जा रही है। पीआर धान की खरीद का जायजा भी लिया था। जो भी पीआर धान सरकारी मापदंड पर खरीद उतर रही है उसको आते ही मंडी में खरीदा जा रहा है। किसी भी तरह की कोताही खरीद के दौरान मिली तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। किसान नेता आजाद पालवां ने कहा कि किसान, आढ़ती हित के लिए अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया था। एसडीएम ने जूस पिला कर अनशन समाप्त करवाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## विद्यार्थियों ने लिया बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**नरवाना।** पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चाखेड़ा में चल रहे तिमाही बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया जिसमें अलग. अलग गांव से विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कंप्यूटर प्रशिक्षक संदीप नैन द्वारा विद्यार्थियों को कंप्यूटर से संबंधित एमएस वर्डए एमएस एक्सेलए एमएस पावर प्वाइंट में काम करनाए नेटवर्क इंटरनेट का इस्तेमालए फाइल ट्रांसफर करना तथा हार्डवेयर सॉफ्टवेयर आदि के बारे में सिखाया गया। केंद्र निदेशक हितेश कालरा ने विद्यार्थियों को कोर्स की जानकारी दी। अंत में अनुपम मरांडी, एलडीएम जींद ने पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# कांग्रेस ने ही लटकाया था सिटी स्क्वेयर का काम, अब कंपनी ब्लैक लिस्ट : गर्ग

- कांग्रेस सरकार के समय सिटी स्क्वेयर के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार, कांग्रेस समर्थित चेयरमैन समेत 11 लोगों पर हुई थी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के सबसे बड़े प्रोजेक्ट सिटी स्क्वेयर का अधूरा पड़ा निर्माण कार्य आज सुर्खियों में है। कांग्रेस समर्थित पार्षद इसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं, जबकि सच्चाई ये है कि इस प्रोजेक्ट के आज तक अधर में लटकने का कारण कांग्रेस स्वयं जिम्मेदार है। कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस प्रोजेक्ट के निर्माण को लेकर गर्ग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी को टेंडर दिया गया। जिसने प्रोजेक्ट को पारदर्शिता से पूरा करने की बजाय भ्रष्टाचार किया। यहां तक की कांग्रेस समर्थित चेयरपर्सन और 11 अन्य अधिकारियों समेत ठेकेदार से मिलकर एडवांस पेमेंट की गई और काफ़ी अनियमित्ताओं के चलते एफआईआर भी हुई। आज भी इनके नेता इसी मुद्दे में बेल पर बाहर है। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि कुछ कांग्रेस समर्थित पार्षद पारदर्शिता की बात करते हैं, जबकि सच्चाई ये है कि प्रोजेक्ट अधर में लटकने का कारण कांग्रेस ही है।

### अब जुर्माना लगाया

नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि उन्होंने सिटी स्क्वेयर में भ्रष्टाचार व लेटलतीफी को उजागर किया है। निर्माण को पूरा न करने पर कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया गया है। यहां तक की कंपनी को पोषण देने की बजाय हमने लगभग 5 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है। इस प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार के बीज कांग्रेस ने ही बोये थे। कांग्रेस ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की बजाए जानबूझकर देरी की, ताकि भ्रष्टाचार किया जा सके। भाजपा सरकार में आज शहर का विकास तेजी से हो रहा है।

# जयपुर में 12 को होगा जाट संसद का सम्मेलन : संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

राजस्थान की राजधानी पिंक सिटी जयपुर में 12 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का कार्यक्रम आयोजित होगा। जम्मू कश्मीर के उप मुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रवीण कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। यह आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर संस्थान पथ ओटीएस चौराहा जेएलएन मार्ग पर होगा। देशभर से जाट समाज के प्रमुख लोग हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश महासचिव संदीप चहल ने बताया कि सम्मेलन में जाट समाज की एकता, शिक्षा, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतराराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीयध्यक्ष रामअवतार पलसानिया करेंगे। यह आयोजन समाज के गौरव, युवा नेतृत्व और संगठनात्मक मजबूती को समर्पित होगा। विभिन्न राज्यों से आने वाले समाज सेवी, शिक्षाविद, युवा और जन प्रतिनिधि हिस्सा लेकर समाज के उत्थानन पर विचार सांझा करेंगे।



संदीप चहल।

**निरीक्षण** पार्षद विकास शर्मा और रामदास आर्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीवन का दौरा किया

# सीवन के नए सरकारी अस्पताल भवन में होंगे 30 बेड, अल्ट्रासाउंड व टेस्टों की सुविधा भी मिलेगी

सीवन स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के चलते अस्थाई तौर पर नई जगह किया गया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

नगर पालिका सीवन के पार्षद विकास शर्मा और रामदास आर्य ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों पार्षदों ने अस्पताल परिसर में मरीजों से बातचीत की और चिकित्सकों से अस्पताल की स्थिति की जानकारी ली। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए दोनों पार्षदों ने बताया कि सीवन नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नए सरकारी अस्पताल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी कारण अस्पताल को फिलहाल अस्थाई रूप से मुख्य रोड पर शिफ्ट किया गया है, ताकि मरीजों को उपचार में किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि नए स्थान पर शिफ्ट होने से पोलड, हिम्मतपुरा, मांडी सदरा, व आस पास के डेरों के लोगों को चिकित्सा सुविधा लेने में आसानी हो रही है। दोनों पार्षदों ने कहा कि कुछ लोग अस्पताल भवन को अस्थाई तौर पर दूसरी जगह स्थानांतरित किए जाने का विरोध कर रहे हैं, जो गलत है। यदि कोई समाजसेवी या संस्था चाहे, तो मरीजों के लिए निःशुल्क परिवहन सेवा दे सकती है।



**सीवन।** अस्पताल में पहुंचे पार्षद जानकारी देते हुए।

### पिछले माह अस्पताल में 20 प्रसव कराए

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के इंचार्ज डॉ. हरकीरत ने बताया कि नए स्थान पर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ओपीडी में मरीजों की संख्या पुराने अस्पताल के बराबर पहुंच चुकी है। पिछले माह अस्पताल में 20 प्रसव कराए गए, जो पिछले कुछ समय में सबसे अधिक संख्या है। डॉ. हरकीरत ने बताया कि फिलहाल नगर के सैनी धर्मशाला, राजपूत धर्मशाला और आर.के.एस. डी. स्कूल के पास सब-सेंटर की शाखाएं संचालित हैं।

### नए अस्पताल भवन की प्रमुख विशेषताएं

पुराना भवन जर्जर अवस्था में होने के कारण इसे बदलने का निर्णय लिया गया है। नया अस्पताल 30 बेड की क्षमता वाला होगा, जिसमें मरीजों की सुविधा के लिए एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी जांच केंद्र की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा चिकित्सकों और कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर, आधुनिक ओपीडी ब्लॉक, ऑपरेशन थिएटर, मातृत्व कक्ष, आपातकालीन वार्ड और फार्मेसी जैसी सुविधाएं भी शामिल होंगी।